भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1370
उत्तर देने की तारीख 01.07.2019

एनसीईआरटी की पुस्तकों का अद्यतनीकरण

1370. श्री रितेश पाण्डेयः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों के उत्तरोत्तर अद्यतनीकरण के बीच दस वर्षों का अंतराल रखने की स्वीकृति दी थी (वर्ष 2007 से 2017);
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के उत्तरोत्तर अद्यतनीकरण के बीच के उक्त समयांतराल को कम करने पर विचार कर रही है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): जी नहीं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने सूचित किया है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर घटित नई प्राथमिकताओं और पहलों को शामिल करके प्रत्येक वर्ष अपनी पाठ्यपुस्तकों को लगातार अद्यतन कर रहें हैं और उनका पुन: मुद्रण कर रहे हैं। 2017-18 में पाठ्यपुस्तकों की व्यापक समीक्षा भी की गई थी। इसके अलावा, एनसीईआरटी ने 2018-19 में पाठयचर्या के युक्तिकरण की पहल के तहत पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा भी की है। एनसीईआरटी ने इस प्रयोजनार्थ विभिन्न हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। प्राप्त सुझावों के विश्लेषण के आधार पर, एनसीईआरटी ने 2018-19 में पुन: अपनी पाठ्यपुस्कों की समीक्षा की है, उनका युक्तिकरण किया है और प्रकाशन किया है।

(ग) से (ड): एनसीईआरटी नया शैक्षणिक वर्ष आरंभ होने से पूर्व प्रत्येक वर्ष पाठ्यपुस्तकों को अद्यतन करता रहा है और उनका पुन: प्रकाशन करता रहा है। अत:, एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के अद्यतन के संबंध में अवधि में और अधिक कमी करने की कोई गुंजाईश नहीं है।

*****